मध्य रेलवे में 50 प्रतिशत डीजल इंजन हैं, इनको छोड़ देना जरूरी है और इलैक्ट्रिक इंजन चलाना जरूरी है। जहां-जहां अभी डीजल इंजन हैं, भारत में सब जगह वहां इलैक्ट्रिक इंजन लगाना चाहिए। रेलवे पुलिस की एक एजेंसी होनी चाहिए। कहीं कुछ और कहीं कुछ, ऐसा नहीं होना चाहिए और रेलवे की ही एजेंसी होनी चाहिए तो ठीक होगा।

रेलवे में क्लास टू अधिकारियों की डायरैक्ट भर्ती होती है, दूसरे लोगों का और उनका काम तो एक ही होता है, लेकिन उनकी तनख्वाह में बहुत फर्क होता है। डायरैक्ट भर्ती वालों को प्रमोशन जल्दी मिलता है, रेलवे के हित में यह पद्धति बन्द करना जरूरी है। यही मेरी प्रार्थना है।

MR. CHAIRMAN : सदन का समय एक्सटेंड करना है, पहले हमने इसे सात बजे तक किया था। The time of the House is extended till the reply of the Hon. Minister is over.

1903 बजे

श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर) : सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे रेलवे की 1998-99 की अतिरिक्त अनुदान मांगों और 2001-2002 की पूरक अनुदान मांगों पर बोलने का अवसर दिया। इन मांगों का मैं समर्थन करता हूं।

मैं अपने क्षेत्र की कुछ समस्याओं को रखना चाहता हूं। ये समस्याएं लगातार 25-26 वर्षों से बनी हुई हैं। हमारे क्षेत्र में क्यूल और कजरा के बीच 13 किलोमीटर की सिंगल लाइन है, इकहरी लाइन है। जमालपुर से कजरा तक दोहरी लाइन है। मैं बार-बार इस सवाल को उठाता हूं। मेरी समझ में यह बात नहीं आती है कि रेलवे ने

ऐसा क्यों किया, जबकि हम लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि अब सीतारामपुरा से मुगलसराय तक रेलवे लाइन का इलैक्ट्रिफिकेशन भी हो चुका है। वही लूपलाइन क्यूल तक आती है और 13 किलो मीटर तक की दूरी का दोहरीकरण नहीं हुआ है। सभापति जी, जब आप संसदीय स्थाई समिति के सभाति थे, आपने 1996-97 में रिपोर्ट दी थी कि साहबगंज से क्यूल तक विद्युतीकरण होना चाहिए, लेकिन अभी तक उसकी कोई चर्चा तक नहीं हुई।

सभापति महोदय : अभी तक नहीं हुई।

श्री ब्रह्मानन्द मंडल : पता नहीं रेलवे मंत्री जी ने या रेलवे अधिकारियों ने उसे देखा है या नहीं। मुझे याद है कि यह उस रिपोर्ट में सिफारिश थी कि इसका िवद्युतीकरण होना चाहिए। उस इलाके में भागलपुर और क्यूल खंड हैं, वहां की जनता की अर्से से मांग रही है कि श्रमजीवी एक्सप्रेस जो पटना से चलती है, मगध-बिक्रमशिला एक्सप्रेस जो पटना से चलती है, इन दोनों गाड़ियों को भागलपुर से चलाया जाना चाहिए। लेकिन वाँ पुरानी यह मांग भी अभी तक पूरी नहीं हुई है। हमारे यहां धरहड़ा में बिक्रमशिला एक्सप्रेस का ठहराव नहीं है। उसके लिए हमने मंत्री जी को कई बार पत्र लिखा, लेकिन अभी तक उसका वहां ठहराव नहीं हुआ है।

जमालपुर कारखाना एशिया का सबसे बड़ा कारखाना था। 1998-99 के बजट में मंत्री जी ने उसके पुनर्निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। लेकिन उसके काम की गति काफी धीमी है। पैसा खर्च हो रहा है या नहीं, क्या हो रहा है, क्या नहीं हो रहा है, कुछ पता नहीं चलता। वहां पहले 20,000 मजदूर थे, जो अब आठ हजार ही रह गए हैं।

मैंने मांग की थी कि मुंगेर और जुमई जो जिला मुख्यालाय है, वहां सिटी काउंटर होना चाहिए, जिससे वहां के लोग देश के बड़े-बड़े शहरों का टिकट खरीद सकें। यह बहुत छोटा सा काम है, लेकिन आज तक नहीं हो सका। मुंगेर में गंगा के ऊपर पुल के बारे में, जैसा कि आप जानते हैं, 1997-98 के पूरक बजट में जिक्र आया था। नीतीश जी मंत्री बने तो इन्होंने 1998-99 में सर्वेक्षण की बात की था और शिलान्यास किया था। लेकिन उस पर काम की गति इतनी धीमी है कि अभ तक वह केबिनेट की आर्थिक समिति में भी नहीं जा पाया है। योजना आयोग से उसकी स्वीकृति लेनी थी, विस्तारित बोर्ड में भी ले जाना था। अगर सर्वेक्षण में ही तीन-चार बरस लग जाएं, तो यह पुल पता नहीं कब बनेगा। शायद 25-50 साल में बनेगा। अगर यही गति काम करने की रही तो विकास के काम जो निश्चित अवधि में होने चाहिए, वे नहीं हो पाएंगे तो ज्यों-ज्यों समय बढ़ता जाएगा, त्यों-त्यों लागत भी बढ़ती जाएगी। जब लागत बढ़ती है, तो उसका बहुत सारा हिस्सा भ्रटाचार में चला जाता है। इस कारण लागत बढ़ना भी भ्रटाचार का हिस्सा है।

मैं अंतिम बात रेल यात्रियों की सुविधा के बारे में कहना चाहता हूं। मंत्री जी इस पर बहुत ध्यान देते हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि बिक्रमशिला और ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस के आप बैडरोल देख लें।

सभापति महोदय : जब आप चेयरमैन थे, तब क्यों नहीं किया ?

श्री ब्रह्मानन्द मंडल : मैंने तब बहुत रिपोर्ट दी थी, उसमें से कितनी लागू हुई, मैं नहीं कहना चाहता।

सभापति महोदय : अब आप समाप्त करें।

श्री ब्रह्मानन्द मंडल : लेकिन उसको आप देख लीजिए।

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record except the speech of Shri Varkala Radhakrishnan....*(Interruptions)**

* Not Recorded

MR. CHAIRMAN : Shri Radhakrishnan is the last speaker. After Shri Radhakrishnan, the hon. Minister will reply.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Thank you, Mr. Chairman, for giving me an opportunity to speak.

MR. CHAIRMAN: Please take only two minutes.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : I shall try to be as brief as possible.

Now, the excess grant that is being sought for is for meeting some expected expenditure and not for any unforeseen expenditure. In the normal course, it would have been easy for the Railway Board to expect this expenditure. Now, this excess expenditure was incurred on retirement benefits like pension, commuted pension, death-cum-retirement gratuity and provident fund payments. These are usual expenditure and this could have been brought at the time when the Railway Budget was presented. This is not an unforeseen expenditure. Therefore, there is no justification for an excess grant. That is one thing.

Now, what is the reality? The reality is that the railway workers are thrown out of employment. Privatisation has come to the ground level. The *mazdoor* workers working in the Railways are thrown out of employment. That is the reality. Almost all works are given on tender to private contractors throwing away all the employees who were working there for decades. This is the reality. The Railway Ministry wants an excess grant. For what? Is it not for throwing away the employees? The *mazdoor* workers of the Railways are thrown out of employment without giving anything. They have no other place to go. They were working with the Railways for a long time. Almost all important works are given on contract. This is the ground reality. So, we should make a change.

Secondly, they have hiked the railway ticket fares. For what purpose? It was hiked for providing funds for railway safety. Now, they are proposing that they must be diverted. It is not only against the Constitution, it is against the will of the people. We have given a solemn pledge to the people that the excess amount is being collected for providing security to the people. Without providing any security to the people, that amount is being diverted for some other purpose. So, there is no justification for this.

What is the difficulty now? The bogies are outdated.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : I am concluding.

MR. CHAIRMAN: This is your last point.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : During the monsoon, it will be very difficult to travel in the railway bogies of the Southern Railway because all the rainwater will come inside the compartments.

My friend, Shri Rajagopal has taken a personal interest in Railways and I fully congratulate him. The reality is that most of the bridges are a century-old. We had one disaster at Kadalundi. I pray that there should not be any further Kadalundi type of disasters. There should not be any further railway disasters involving the lives of innocent passengers who have not committed any sin. The trains which carry these passengers are being taken over the century-old railway bridges. It has been certified that these railway bridges have to be replaced with immediate effect. I expect Shri Nitish Kumar, the Minister of Railways, will also help Shri Rajagopal in dealing with all these things.

MR. CHAIRMAN: Both the Ministers will join together to do this.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : They must join together at least in case of replacing the century-old railway bridges in Kerala.

MR. CHAIRMAN: They should be replaced not only in Kerala but also in the entire country. Why are you asking only for Kerala?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : They should be replaced throughout India.

Another factor is that the doubling process should be expedited. Konkan Railway is not a reality.

If it has to be made a reality then you have to complete the doubling process.

MR. CHAIRMAN: All right. Shri Radhakrishan, please take your seat now.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Sir, the doubling of the railway track from Ernakulam *via* Kottayam should be completed immediately. â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : माननीय मंत्री जी अब जवाब देंगे।

श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) : सभापति जी, मैं राजस्थान के बारे में दो शब्द कहना चाहता हूं। â€¦ (व्यवधान)

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सभापति महोदय, मैं कोडरमा के बारे में कहना चाहता हूं। â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : कोडरमा के बारे में तो हो गया है। आप बजट पर बोलिएगा। â€¦ (व्यवधान)

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय : महोदय, पांच वर्ा हो गए हैं â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप मिनिस्टर महोदय को अपना कागज दे दीजिए। मंत्री जी आप गिरिडीह-कोडरमा के बारे में जवाब दे दीजिएगा। â€¦ (व्यवधान)

श्री श्रीचन्द कृपलानी : महोदय, मैं राजस्थान के बारे में कहना चाहता हूं। *(Interruptions)**
सभापति महोदय : आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है। बोलने से क्या होगा। â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing, except what Shri Nitish Kumar is saying, would go on record. *(Interruptions)* *

* Not Recorded

रेल मंत्री (श्री नीतीश कुमार) : सभापति महोदय, मैं सबसे पहले सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने सप्लीमेंट्री डिमान्ड्स फार ग्रान्ट्स और डिमान्ड्स फार एक्सैस ग्रान्ट्स, दोनों पर, चर्चा में हिस्सा लिया।

महोदय, कुछ माननीय सदस्यों ने डिमान्ड्स फार एक्सैस ग्रान्ट्स, 1998-99 के बारे में कहा कि यह इतनी देर से क्यों आया है। सदन इस बात से अवगत है कि इसकी एक प्रक्रिया है। कम्पट्रोलर एंड आडिटर जनरल आफ इंडिया की पहले रिपोर्ट आती है, फिर पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी में चर्चा होती है और उनकी रिकमैंडेशन्स सदन में आती है। हाउस में रिकमैंडेशन्स आने के बाद एक्सैस ग्रान्ट्स के लिए सदन में आते हैं। इस संबंध में पीएसी की रिपोर्ट जुलाई, 2001 को यहां रखी गई थी और अगले सैशन में इसको रैग्युलराइज़ करने के लिए लाया गया है, ताकि इसको नियमित किया जा सके। कुछ सदस्यों ने यह भी कहा है कि पैसा ज्यादा खर्च क्यों हो गया? इस संबंध में आंकड़े सदन को बता दिए गए हैं, मुख्यतः अधिक खर्चा 348 करोड़ रुपए का हुआ है, जिसका मेज़र हिस्सा 315 करोड़ रुपए

के करीब है। पांचवें वेतन आयोग के चलते, पैंशन लायबिलिटी, डिमान्ड संख्या 13, प्रोविडेंट फन्ड और पैंशन तथा रिटायरमेंट बैनिफिट्स से संबंधित है। बाकी छोटी राशियां हैं - रिपेयर एंड मेन्टेनेंस ऑफ मोटिव पावर, रिपेयर एंड मेन्टेनेंस ऑफ कैरिज एंड वेगंस, ऑपरेटिंग एक्सपेंसेस फॉर रोलिंग स्टॉक एंड इक्विपमेंट - यह परिपाटी है। जब भी कभी एक्सेस किसी साल में खर्च हो जाता है तो प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे रेगुलराइज़ करने के लिए सरकार आती है। इसमें देरी नहीं हुई है। जो सप्लीमेंट्री ग्रांट्स फॉर डिमांड्स हम लोगों ने यहां रखी हैं, इसकी कुछ खासियत है। वैसे आम तौर पर सप्लीमेंट्री डिमांड्स आती हैं, हम लोग सदन से टोकन ग्रांट्स मांगते हैं, इस बीच में जो भी वर्क आउट ऑफ टर्न सैंक्शन किए जाते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं वैसे कार्यों के लिए टोकन अमाउंट ग्रांट ली जाती हैं और बाकी जो पैसा सदन ने पहले स्वीकृत किया होता है, उसी से री-एप्रोप्रिएशन के जरिए काम किया जाता है, लेकिन इस बार के सप्लीमेंट्री डिमांड्स में कुछ खास बातें हैं। पहली बार स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड का गठन किया गया और इसके जरिए जो भी रिन्यूवल है, जो बकाया है - जैसे रेल की पटरी है, पुराने या कमजोर पड़े डिस्ट्रेस्ड ब्रिजेज़ हैं, सिगनल गियर्स का रिप्लेसमेंट है, पुराने डिब्बे, वैगंस, पुराने लोकोमोटिव्स हैं, उनकी रिप्लेसमेंट और इसके अलावा सेफ्टी को और बेहतर बनाने के लिए कुछ आइटम्स हैं - सरकार ने फैसला किया कि इन सब चीजों के लिए एक स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड बनाया जाए।

19.22 hrs. (Mr. Speaker in the Chair)

आपको मालूम होगा कि जस्टिस एच.आर. खन्ना की अध्यक्षता में रेलवे सेफ्टी रिव्यू कमेटी बनी थी, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट दे दी थी। उसमें उन्होंने यह कहा था कि रेलवे में जो रिन्यूवल समय पर होना चाहिए, वह नहीं हो रहा। उन्होंने एक अप्रैल, 1999 के हिसाब से आंकड़े अपनी रिपोर्ट में दिए थे कि 15 हजार करोड़ रुपए की जरूरत रिन्यूवल के काम के लिए पड़ेगी। हम लोगों ने जब एक साल के बाद आंकड़े लिए और हर तरह से विचार किया तो यह महसूस किया कि अभी इसके लिए 17 हजार करोड़ रुपए की जरूरत होगी। हमने इस मामले को वित्त मंत्री जी के साथ उठाया। माननीय प्रधान मंत्री जी ने वक्त दिया और एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें जब सारी स्थिति रखी गई तो प्रधान मंत्री जी ने कहा कि इसे जरूर किया जाना चाहिए और सिद्धांत रूप से जुलाई के प्रथम सप्ताह में सहमति हो गई। उसके बाद यह मसला था कि पैसा कहां से आए। उसमें कई बातें हुई थीं। अंततोगत्वा दो बातें तय हुईं कि 17 हजार करोड़ रुपए का रेलवे सेफ्टी फंड बने। इसमें रेलवे को भी अपनी तरफ से कुछ पैसा देना चाहिए और भारत सरकार भी पैसा लगाए। सारे विचार-विमर्श के बाद 17 हजार करोड़ रुपए में से मोटे तौर पर तय हुआ कि पांच हजार करोड़ रुपए रेलवे की तरफ से आएगा। उसके लिए यात्रियों पर सेफ्टी सरचार्ज लगाया जाएगा और 12 हजार करोड़ रुपए गवर्नमेंट ऑफ इंडिया देगी। इन दोनों को मिला कर छ: साल के अंदर जो भी रिन्यूवल ओवरड्यू है, उसे समाप्त कर देंगे, जिसका हमने उल्लेख किया है - चाहे रेल की पटरी, डिस्ट्रेस्ड ब्रिजेज़, सिगनल गियर्स, रोलिंग स्टॉक या सेफ्टी इनहेंसमेंट आइटम्स हों, इन सब को मिलाकर ऐसा तय हुआ। इस साल के जो छ: महीने बचे थे, उसमें यह तय हुआ था कि एक अक्तूबर से सेफ्टी सरचार्ज लागू होगा। यह अंदाजा है कि इस छ: महीने में 400 करोड़ रुपए सेफ्टी सरचार्ज के माध्यम से रेलवे के पास आएंगे और एक हजार करोड़ रुपए इस बार वित्त मंत्रालय की तरफ से हमें अतिरिक्त मिलेगा, कुल मिला कर 1,400 करोड़ रुपए का व्यय स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड के जरिए किया जाएगा। इसके लिए शुरू में ही कहा था कि यह पैसा उन्हीं कामों में खर्च किया जाएगा, जिसके बारे में ये फंड क्रियेट किया गया था। यह पैसा कहीं डायवर्ट किया ही नहीं जा सकता। इसके बारे में केबिनेट ने निर्णय किया और उसी के हिसाब से आप देखेंगे। हमने कहा था कि एक ग्रीन बुक बनाएंगे। आप गौर करेंगे कि इस बजट की सप्लीमेंट्री डिमांड्स के साथ आपको एक पुस्तिका मिली होगी, उसमें इन सब चीजों का उल्लेख है। सेफ्टी से संबंधित जो आइटम्स हैं, उन्ही का उसमें जिक्र किया गया और चूंकि इस साल उसमें से 1,400 करोड़ रुपए का उपबंध है, इसलिए उतना काम हम लोग करेंगे। यह स्पेशल रेलवे फंड के लिए है।â€¦ (व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Mr. Minister, is it not true that the Railway Board has recently issued a Circular to curtail the expenditure by 20 per cent in all activities including the safety works? If it is done, then the safety activities also will get hampered. The blanket order of 20 per cent curtailment has been issued by the Railway Board to all the Zonal Railways.

श्री नीतीश कुमार : मैं इसी सवाल पर आ रहा था। जो इस साल का रेलवे बजट है उसमें आप देखेंगे तो हमारे ऊपर कोंकण रेलवे की लाइबिलिटी है। कोंकण रेलवे में रेल मंत्रालय और कुछ राज्य सरकारों ने इक्विटी दी थी और बाजार से ऋण लेकर कोंकण रेलवे का काम किया गया था और रेलवे ने उसकी गारंटी दी थी। उसके चलते उनके लिए रिडम्पशन या इंट्रैस्ट लाइबिलिटी ड्यू है, जिसको समय पर चुकता करना है। वह चुकाने के लिए रेलवे को उन्हें लौंग-टर्म या शोर्ट-टर्म लोन देना है। इस साल के बजट में कोंकण रेलवे के लिए 230 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी थी कि रेलवे इनको लौंग-टर्म लोन देगा। लेकिन इस साल उनकी जरुरत ज्यादा है। इस साल उनकी जरुरत 744 करोड़ रुपये की है, तो यह बीच का बाकी हिस्सा 514 करोड़ रुपया जो है वह हमारी वचनबद्धता है और जो हमें देना ही है क्योंकि उसके लिए आपने गारंटी दे रखी है। जो 514 करोड़ रुपया अतिरिक्त चाहिए, उस बारे में आपकी बात सही है कि प्रतिशत में फर्क हो सकता है। कोंकण के लिए 230 करोड़ रुपये अतिरिक्त और दिये गये तथा और कुछ रुपये भी दिये जाने हैं। इस साल के वित्तीय वर्ा में 514 करोड़ अतिरिक्त रुपये कोंकण रेलवे को देने पड़ेंगे। इस हिसाब से यह प्लॉन है। उसमें उसका प्रभाव पड़ेगा और प्रभाव पड़ा भी है और कई जगहों पर आपने देखा होगा, उसके चलते हर रेलवे में और हर प्रौजेक्ट में यह मान करके कि इतना रुपया चाहिए, उसमें कटौती की गयी है। लेकिन जहां तक आपने सैफ्टी की बात कही है, सैफ्टी का उससे कोई संबंध नहीं है।

SHRI BASU DEB ACHARIA : What about the signalling?...(*Interruptions*)

SHRI NITISH KUMAR: Let me explain.

SHRI BASU DEB ACHARIA : I am asking about signalling. Curtailment has been ordered....(*Interruptions*)

SHRI NITISH KUMAR: Please allow me to speak. I will explain every thing. तो जो भी हमारा प्लॉन आइटम है उसमें उसका प्रभाव पड़ा है, लेकिन जो रेलवे सैफ्टी फंड है उससे उसका कोई संबंध नहीं है। यह पहले से ही सैफ्टी फंड है। जो पैट्रोल और डीजल पर सेस लगता है उसका एक हिस्सा रेलवे को मिलता है सैफ्टी वर्क के लिए। मेन लैवल क्रॉसिंग को मैन करते हैं या जो बिजी लैवल क्रॉसिंग है उनके ऊपर रोड ओवर-ब्रिज या रोड अंडर-ब्रिज बनाते हैं उसमें सैफ्टी पर इसका कोई प्रभाव नहीं है। लेकिन बाकी जो हमारी योजना के खर्चे हैं उन पर प्रभाव पड़ता है। कोंकण रेलवे की लाइबिलिटी को चुकाने के लिए उसका प्रभाव उतना भर पड़ा है। इसके अलावा इस साल का जो बजट था उसमें लक्ष्य निर्धारित किया गया था कि बोल्ट से पैसा आयेगा, लेकिन बोल्ट से कोई पैसा नहीं आ रहा है। हमारे पास पहले से ही जो बोल्ट की स्कीम थी वह चल नहीं पा रही है। जैसे आगरा-बांदीकूई की बात हुई तो हमने पहले ही उसे बोल्ट से निकाला था। महाराट्र और आंध्र प्रदेश के हमारे साथी मुतखेड़ लाइन की चर्चा करते हैं। उसमें बोल्ट के माध्यम से जो स्कीम होनी थी वह नहीं हुई। एक ही स्कीम चल रही थी और अंत में रेलवे ने फैसला किया है कि बोल्ट के माध्यम से काम नहीं हो रहा है। हम उसकी जांच-पड़ताल कर रहे हैं कि बोल्ट से निकालकर अपने रिसोर्सेज से करें। बोल्ट में जो कोई भी फाइनेंस करने वाला है उसको ऐसा लगता है कि उसका कोई प्रोटैक्शन नहीं है और उसमें कई कठिनाइयां हैं। डीओटी की अब अनुमति मिली है तो जो बोल्ट के नाम पर पैसा था चाहे रोलिंग स्टॉक के प्रोग्राम में था उसमें भी कोई बोल्ट में नहीं आया और अलग-अलग प्रोजैक्ट में भी आपने देखा होगा कि बोल्ट के मद में कुछ पैसे दर्शाए गये हैं। इसलिए बोल्ट में जो पैसा दिखाया गया है और जब वह पैसा नहीं आयेगा तो उसका प्रभाव पड़ेगा ही। कोंकण रेलवे के लिए हमारी अधिक देनदारी है।

जो बजट में प्रावधान है, सबसे अधिक रदेनदारियां हमारे ऊपर हैं। दूसरा, बोल्ट को जो दर्शाया गया था उस प्रकार के किसी बोल्ट से किसी धन का नहीं आना ये दो ऐसे फैक्टर्स हैं जिस के चलते उस पर प्रभाव पड़ता है लेकिन मैं प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमने जब इस सवाल को उठाया

कि इससे हमारे प्लान पर बुरा असर पड़ेगा तब प्रधान मंत्री जी ने इकोनॉमिक मिनिस्ट्री की मीटिंग की। उसमें तय हुआ कि लास्ट माइल प्रोजैक्ट यानी जो जल्दी पूरे हो सकते हैं उन्हें जल्दी पूरा किया जाए। इसके लिए हम लोगों को पैसा मिला है। उसमें बोल्ट के चलते जो प्रभाव पड़ रहा था चाहे डबलिंग का हो या गेज कनवर्जन का हो, नई लाइन का हो, मोटे तौर पर कुल मिला कर कुछ उस तरह से ऑफ सैट करने की कोशिश की गई। जो अब 898 करोड़ रुपया मिल रहा है इसके लिए अलग से एडिशनल बजटरी सपोर्ट मिल रहा है। इस बार के बजट में 1400 करोड़ रुपए स्पैशल रेलवे सेफ्टी फंड के लिए दिए गए। एडिशनल सपोर्ट 198 करोड़ रुपए का मिल रहा है। â€¦ (व्यवधान) 898 का जोड लीजिए। आप जानते हैं कि लगभग 3400-3500 करोड़ रुपए का बजटरी सपोर्ट पहले से है लेकिन एक हजार करोड़ रुपए के ऊपर कोई डिविडैंड लायबिल्टी नहीं है। स्पैशल रेलवे सेफ्टी फंड के लिए सरकार जो पैसा दे रही है, उसमें कोई डिविडैंड लायबिल्टी नहीं है लेकिन जो एडिशनल बजटरी सपोर्ट 898 करोड़ रुपए है यह प्रोजैक्ट्स के लिए मिल रहा है। इसके लिए हमें कहा गया था कि वे प्रोजैक्ट्स आइडैंटिफाई करके सबमिट किए जाएं। हमें उसके आधार पर यह पैसा मिला।

SHRI C.K. JAFFER SHARIEF : Commercial exploitation of railway line, इस पर विचार कीजिए। That is one area where you can get money. Railway line is encroached often. It is a good asset where one can get money. फाइनेन्स मिनिस्ट्री ने इधर-उधर से पैसा मांगा जिस का लोगों के ऊपर बोझ पड़ा। Commercial exploitation of railway line is one of the areas where you can get more money.

श्री नीतीश कुमारः ´ह किया जा रहा है। सप्लीमैंटरी डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में दो नई चीजें हैं। यह एडिशनल सपोर्ट उसके चलते मिला। दूसरा स्पैशल रेलवे सेफ्टी फंड है। इसके अलावा कुछ और आइटम्स हैं।

के.पी. सिंहदेव जी ने आउट ऑफ टर्न के बारे में कहा, इसकी इजाजत है। ऐसा हर साल होता है जैसे कोंकड रेलवे को दिया। उसे आज सैंक्शन कर रहे हैं। यह आउट ऑफ टर्न है। चूंकि रिडक्शन के समय इंटरस्ट लायबिल्टी का समय टाइम बाउंड है, वह आपको देना ही है, आपने गारंटी दी है, आपने कम्फर्ट लैटर दिया है इसलिए ये सारी चीजें आउट ऑफ टर्न हैं जो छोटी-मोटी आइटम्स हैं। इस बीच में एक नई लाइन को मंजूरी मिली है जो कोडरमा और तिलैय्या के बीच है। वह कोल मूवमैंट के लिए रूट है। पावर मिनिस्ट्री ने लिखा था कि इसे तत्काल लाइन चाहिए। उसके हिसाब से उनकी सिफारिशों में इसका प्रावधान किया गया। उस रेल लाइन को मंजूरी मिली है। उसमें टोकन ग्रांट का इंतजाम किया गया है। कई ऐसी चीजें हैं जिन का हमने इसमें उल्लेख किया है और वह उसके लिए यहां आया है।

कुछ बातें और यहां कही गईं। जैसे कई सदस्यों ने प्राइवेटाइजेशन और डिसइनवैस्टमैंट की बात की और उस पर चिंता जाहिर की। जहां तक प्राइवेटाइजेशन की बात है निजी क्षेत्रों की भागीदारी रेलवे में हमेशा से रही है। किसी न किसी क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी रही है। कैटरिंग में रही है, दूसरी चीजों में रही है। आज रोलिंग स्टॉक का प्रोग्राम है। हम वैगन प्रक्योर करते हैं। वह प्राइवेट सैक्टर में है। कई क्षेत्र जिस में प्राइवेट सैक्टर का पार्टिसिपेशन पहले से है उसके बाद हमारी कोशिश थी कि प्रोजैक्ट्स में प्राइवेट सैक्टर पार्टिसिपेट करे। इसके लिए बोल्ट की स्कीम जाफर शरीफ जी के समय शुरु हुई थी। भले ही उसमें लोग आ नहीं पाए। अंततोगत्वा उसका सुधार करके बीओटी की बात हुई है। देखना है कि उसके लिए जो मांगा गया है, वह पूरा होता है या नहीं? एक्सप्रैशन ऑफ इंटरस्ट के लिए उसका क्या रिस्पौंस आता है, देखना बाकी है लेकिन हमारी तरफ से प्रयास है कि इसमें प्राइवेट सैक्टर पार्टिसिपेट करे। कुछ जगहों में प्राइवेट सैक्टर का पार्टिसिपेशन हो रहा है। खास तौर पर पोर्ट का जैसे अडानी पोर्ट और पीपावां पोर्ट का हुआ। उसमें इन लोगों का पार्टिसिपेशन हो रहा है। कई राज्य सरकारों ने इच्छा भी प्रकट की है कि रेलवे प्रोजैक्ट्स में ऐसे पार्टिसिपेशन हो। उनके साथ बातचीत चल रही है। प्राइवेट सैक्टर पार्टिसिपेशन रेलवे में पहले से है लेकिन रेलवे एज सच को प्राइवेटाइजेशन का न मूव है और न मेरी समझ से यह सम्भव है।

जहां तक डिसइनवैस्टमेंट की बात है, रेल विभाग के पास वास्ट नैटवर्क है। इसके पहले भी अगर माननीय सदस्यों ने राकेश मोहन कमेटी की सिफारिशें देखी हों तो उन सिफारिशों पर हम लोगों ने खुले मन से चर्चा की है। रेलवे ने एक इंटरनल कमेटी बनायी है। उन सब बातों पर विचार करने के बाद उस बारे में उचित निर्णय होगा लेकिन फिलहाल हम लोगों के बीच में ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं चल रही है कि कोई मेजर डिसइनवैस्टमेंट कॉनकोर में पहले हुआ हो। कुछ शेयर कॉनकोर में किया गया था। ऐसे में रेलवे के पास कोई बात सोचने या ध्यान देने लायक प्रस्ताव फिलहाल नहीं है। इसके बारे में डिसइनवैस्टमेंट मिनिस्ट्री की तरफ से प्रयत्न चलता रहता है और रेलवे की बातो के बारे में रेलवे द्वारा उनका जवाब दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय, जहां तक माडर्नाइजेशन आफ टैक्नौलौजी अपग्रेड करने की बात है, आप जानते हैं कि फ्रेट आपरेशन सिस्टम, इनफौर्मेशन सिस्टम अपने देश में एक समय से लागू किया जा रहा था। मुझे सदन को बताते हुये खुशी हो रही है कि उसका पहला फेज़ जून, 2001 में पूरा हो गया है। फ्रेट मैनेजमेंट सिस्टम का दूसरा फेज़ टर्मिनल मैनेजमेंट सिस्टम मार्च, 2003 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद ट्रेस कर सकते हैं कि कोई वैगन कहां है। इसके चलते हमारा कस्टमर फ्रेंडली होगा और हमारे आपरेशन में सुविधा होगी। इस बीच में यह प्रयत्न किया जाता है कि जब लाइन कैपेसिटी की बात होती है, उसके लिये फ्रेट ट्रेन को रोक कर पैसेंजर ट्रेन, मेल-एक्सप्रेस ट्रेन को प्राथमिकता मिलती है। नतीजा यह होता है कि फ्रेट ट्रेन्स अपनी डैस्टिनेशन तक पहुंचने में ज्यादा समय लेती हैं। हाल ही में यह समय घट गया है लेकिन प्रयत्न है कि देश में मालगाड़ियां चलाई जायें। इसके लिये सफल परीक्षण हुआ है और अब देश मे मालगाड़ी 120 कि.मी. की स्पीड से चलाई जायेंगी। इससे लाइन कैपेसिटी की समस्या खत्म हो जायेगी तथा प्रायरिटी देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर देखा जाये तो एक्सप्रैस ट्रेन 75 कि.मी. की गति से चल पा रही है। अगर हम 100 कि.मी. प्रति घंटा की गति से ट्रेन चलाना शुरु कर दें तो उस हालत में प्रथम फेज़ में प्राथमिकता देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका नतीजा यह होगा कि हम फ्रेट ट्रेन्स का ज्यादा से ज्यादा तेजी से मूवमेंट कर सकते हैं। दूसरी तरफ हम ज्यादा से ज्यादा मेल-एक्सप्रेस ट्रेन्स चला सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय, यहां माफिया की बात की गई। यह बात सही है और मैंने एक प्रश्न के उत्तर में दूसरे सदन में कहा था कि स्क्रैप डिस्पोज़ल में काफी लीकेज हैं। हमने इसके लिये एक फैसला लिया है और विजिलेंस ने कुछ लोगों को पकड़ा भी है। यह मालूम हुआ है कि वे-ब्रिजेज़ के बाहर या डिपो से जब उठान होता है, तो वे उसे बाहर रखे जाते हैं या उन्हें फिर उसी नाम से उसका टोल होता है, वेमेंट होता है। यह फैसला लिया गया है कि लगभग 50 डिपुओं से जहां से स्क्रैप उठाया जाता है, सब में इलैक्ट्रिकल ब्रिज लगाया जाये। इसके अलावा हमारा रूल है कि जो ट्रैक मैटीरियल है, जब उसे रिप्लेस करते हैं तो एक किनारे से उसे हटा देते हैं और बाद में स्टैकिंग होती है। इसका अपना एक अकाउंटल सिस्टम है, लेकिन निर्णय लिया गया है कि डिवीज़नल स्तर पर सैंट्रेलाइज्ड कम्प्यूटराइज्ड अकाउंटल सिस्टम होगा। हमने एक कमेटी भी इस उद्देश्य के लिये बनाई है जिसमें हमारे सिक्यूरिटी के लोग हैं। आर.पी.एफ. इंजीनियर्स और अन्य सोर्स के लोग उसमें हैं ताकि वे पता लगा सकें कि इस सिस्टम को कैसे दुरुस्त किया जा सकता है। यह काम चल रहा है लेकिन यह बात भी सही है कि माफिया आपरेशन भी अपनी जगह पर है।

माननीय सदस्यो ने माफिया टैंडर के बारे में कहा। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। हम सब लोग इस धरातल पर जीते हैं। हम लोगों को सूचना मिलती रहती है और ऐसा घटनाओं की जानकारी हो जाती है। समाचार-पत्रों में खबरें छपती रहती हैं। हम लोगों को सार्वजिनक जीवन में होने के कारण हर किसी की जानकारी मिलती है। सवाल यह पैदा होता है कि इसे कैसे दूर किया जाये। माननीय सदस्यों ने एक सुझाव दिया है कि राज्य सरकार से बात करके अगर रेलवे के टैंडर के लिये उनकी पुलिस या उनका एडमिनिस्ट्रेशन हैड क्वार्टर से उस टैंडर को टालने के लिये कोई सिस्टम बनाये और वह प्रापर सिक्यूरिटी दे या राज्य सरकार अपनी तरफ से पूरा मन बना ले तो माफिया आपरेट नहीं कर सकता।

इसे हैंडल् करने के लिए रेलवे के पास कोई ताकत नहीं है । यह लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित मसला है । रेलवे प्रशासन के पास कौन सी ताकत है, किस कानून के तहत उन्हें अधिकार मिला हुआ है । वह अधिक से अधिक एक जगह से दूसरी जगह रख सकते हैं कि टेन्डर पेपर कहां मिलेगा, कोई टेन्डर कहां डालेगा, इसके लिए एक से अधिक जगहों पर इंतजाम कर सकते हैं, लेकिन उसकी सुरक्षा का इंतजाम कैसे कर सकते हैं । यह अंततोगत्वा राज्य सरकारों को ही करना पड़ेगा । अब रघु

वंश बाबू चले गये हैं, हम उन्हीं से कहने वाले थे कि यह माफिया ऑपरेशन है, इसे दुरुस्त करने में आप एक सहायक की भूमिका अदा करिये ।

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : राज्य सरकारों का अपना माफिया है â€¦ (व्यवधान)

श्री नीतीश कुमार : रघुवंश बाबू बोलकर चले गये हैं । यह सही है कि विभिन्न जगहों पर माफिया है और ऐसा नहीं है कि वह आइडेन्टीफाइड नहीं है । ऐसा हर जगह नहीं है, कुछ जगहों पर यह सघन तौर पर है, जिसे लोग जानते हैं । इसमें सबके सहयोग की जरूरत है । इसके लिए हम श्री प्रियरंजन दासमुन्शी, श्री बसुदेव आचार्य जी से कहेंगे, और हमारे बिहार के साथी यहां हैं और पूर्वी उत्तर प्रदेश के और नॉर्थ-ईस्टर्न रेलवे से संबंधित जो भी लोग हैं, जिन सदस्यों को इसमें पूरी दिलचस्पी और जानकारी है, हम एक साथ बैठकर एक रास्ता निकालें और माफिया ऑपरेशन को दूर करने के लिए हम लोगों को कैसे राज्य सरकारों के साथ पहल करनी है, इसके लिए हम लोगों को प्रयास करना है ।

अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात क्षेत्रीय संतुलन की है । जहां तक संभव हैं, एक हद तक हमने जब गौर किया है लास्ट माइल प्रोजेक्ट के आधार पर जो अभी पैसे जहां-जहां पड़ सके हैं, उसके हिसाब से एक हद तक रीजनल बैलेन्स क्रिएट हुआ है । हमारे साथी श्री बंद्योपाध्याय जी ने कुछ चिंता प्रकट की थी। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी भी प्रोजेक्ट को स्लो डाउन नहीं किया जायेगा । जो प्रोजेक्ट्स अपनी गति से, जिस समय से चल रही हैं, हमारे समय में उन प्रोजेक्ट्स को और ज्यादा गति प्रदान की जायेगी और जो प्रोजेक्ट्स जल्दी कम्पलीट हो सकते हैं, इनके लिए हमने सरकार से बातचीत करके पैसा हासिल किया है और तेजी से हम प्रोजेक्ट्स को कम्पलीट करने की कोशिश करेंगे । कोई प्रोजेक्ट जिसके बारे में लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे स्लो डाउन नहीं किया जायेगा । लेकिन आप जानते हैं कि कुछ पैसे की कटौती हुई है और उसका असर सारी प्रोजेक्ट्स पर पड़ेगा ।

श्री बसुदेव आचार्य : लेकिन जो पैसा बजट में रखा गया था, वह पूरा खर्च होगा या नहीं ?

श्री नीतीश कुमार : मैं आपको इतना ही आश्वस्त करूंगा कि मैं हर समय इस बात की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करूंगा कि जहां से वह काम होता है, इंजीनियरिंग डिपार्टमैन्ट के साथ हम सम्पर्क में रहते हुए इस बात का निर्देश देते हैं कि किसी भी प्रोजेक्ट का पैसा जहां है, वहां खर्च करने की कोशिश हो । अब लैन्ड एक्वीजीशन को लेकर जिन प्रोजेक्ट्स में समस्या है वह एक अलग बात है, लेकिन जहां काम चालू है, उसमें स्लो डाउन करने का प्रश्न ही नहीं है । आप अपने मन से इस शंका को निकाल दें । एक-दो बातें कहकर मैं समाप्त करूंगा । इस बीच कुछ कदम उठाये गये हैं â€¦ (व्यवधान)

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय : गिरिडीह-कोडरमा के बारे में बताइए, कुछ नहीं हुआ है ।

श्री नीतीश कुमार : आप कोडरमा के हैं, कोडरमा और तिलैया की लाइन का काम हो गया है, अब आप खुशियां मनाइये । सब काम हो रहा है । अब आप झारखंड सरकार से मिलकर जमीन दिलवाने में तेजी कराइये । अभी कुछ एनवॉयरनमैन्ट की समस्या हजारीबाग-कोडरमा प्रोजेक्ट में आई थी । एनवॉयरनमैन्ट का क्लियरेन्स हमें अभी मिला है । कई चीजें ऐसी होती हैं, जिनके बारे में आप मिलकर, बैठकर जानकारी ले सकते हैं । जिन माननीय सदस्यों ने अपने-अपने इलाकों से संबंधित और देश हित में सवाल उठाये हैं, उन सबको जवाब जायेगा । इतने कम समय में एक-एक बात का जवाब देना संभव नहीं है ।

इस बीच में हमने कुछ कदम उठाये हैं, ताकि रेलवे की एफीशिएन्सी बढ़ सके । स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड, जिसके बारे में हमने जिक्र किया, लास्ट माइल प्रोजेक्ट के आधार पर तेजी से इसका कम्पलीशन हो और इसमें अधिकारों का विकेन्द्रीकरण किया गया है । 60 आइटम ऐसे थे, जिनका प्रोक्योरमैन्ट रेलवे बोर्ड के लैवल पर होता था । हमने उसकी समीक्षा की और पाया कि बहुत सारे आइटम्स ऐसे हैं जिन्हें यहां परचेज करने की जरूरत नहीं है । हम समझ सकते हैं कि जैसे रेल की या वैगन की खरीद इस तरह की बड़ी चीजों की खरीद यहां से हो तो बात समझ में आती है, लेकिन छोटे-छोटे टैक्सटाइल आइटम्स, बैटरी आदि कई ऐसी चीजों को हमने देखा और पाया कि उन्हें यहां परचेज करने का कोई मतलब नहीं है । ऐसे 60 में से 45 आइटम्स हमने रेलवेज को यहां से हैन्डओवर कर दिये हैं । इस तरह 45 आइटम्स यहां से चले गये हैं और इन आइटम्स को वे अपने लैवल पर डिसाइड कर सके हैं । इसलिए जोनल रेलवे की फाइनेन्शियल पावर्स को बढ़ा दिया गया है । उसे बढ़ाकर आठ करोड़ से 15 करोड़ कर दिया गया है । रेलवे बोर्ड की जो 15 करोड़ की पावर्स थी उसे बढ़ाकर 22 करोड़ कर दिया गया है, ताकि डीसैन्ट्रलाइजेशन हो सके । अब चूंकि स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड है, सेफ्टी रिलेटिड आइटम्स हैं, इस पर तेजी से काम होना है । इसलिए उन्हें टेन्डर जल्दी डिसाइड करना पड़ेगा । फाइनेन्शियल पावर्स को हमने वहां डीसैन्ट्रलाइज किया है । इसका बहुत अच्छा असर पड़ा है ।

कई लोग जो पोस्ट का एलीमैन्ट ट्रांसफर करके आते थे, वर्कचार्ज पोस्ट है, वे यहां थे तो एक-दो फेज में काफी अधिकारी, चाहे रेलवे बोर्ड हो, चाहे जोनल रेलवे के मुख्यालय हों, वहां लोग बैठे हुए थे । किसी पर्टीकुलर प्रोजेक्ट पर उनकी तनख्वाह चार्ज हो रही थी । बहुत हद तक उसे दूर किया गया है दो फेज़ चलाकर, ताकि लोग अपनी अपनी जगहों पर जाएं, रेलवे बोर्ड और मुख्यालय में, जबकि उनकी तनख्वाहें चार्ज हो रही हैं किसी प्रोजेक्ट में - उसे दुरुस्त करने की कोशिश की गई है। इस बीच में जो कोंकण रेलवे ने एन्टी कॉलिशन डिवाइस विकसित किया है, 15 अक्तूबर को कोंकण रेलवे के स्थापना दिवस पर वह राट्र को समर्पित हुआ। जैसा कि मूल बजट में इसका उल्लेख था, इसके लिए एक्सटेन्डेड फील्ड ट्रायल में एन.एफ. रेलवे की बात थी लेकिन उसको नॉर्दर्न रेलवे के हिस्से में किया जा रहा है ताकि सुविधा हो जाए। एक्सटेन्डेड फील्ड ट्रायल के बाद विचार है कि बड़े पैमाने पर इसको इंट्रोड्यूस किया जाए ताकि हम टक्कर से बच सकें। मैंने खुद भी उस ट्रायल को जाकर देखा है जो बहुत ही लैन्डमार्क अचीवमेंट है। एक्सटेन्डेड फील्ड ट्रायल के रिजल्ट अच्छे आएंगे और फिर उसे लागू करने में सहायता होगी। यह डिवाइस हर लोकोमोटिव में लगाना होगा, हर रेलवे स्टेशन पर लगाना होगा, जो सबसे रियर एंड की गार्ड कोच है, उस पर लगाना होगा। फिर हमें लगता है कि टक्कर बीते दिनों की बात हो जाएगी। निश्चित रूप से उसमें कुछ वर्ा लगेंगे क्योंकि पहले ट्रायल के नतीजे आने हैं। फिर एक नयी बात होगी कि सामने की टक्कर हो, पीछे से टक्कर हो, गाड़ी एक से दूसरे ट्रैक पर आ जाती है और कभी खन्ना टाइप एक्सीडेन्ट हो जाता है, तब उन सब चीजों से बचाव हो सकता है, यहां तक कि लैवल क्रॉसिंग पर भी कोई आएगा तो उससे भी बचाव होगा। यह सचमुच एक नया एचीवमेंट है और दुनिया में इसके पहले कहीं यह बात नहीं आई। सबसे पहले हमारे इंडियन सिस्टम में यह बात आई और कोंकण रेलवे ने इसको निकाला है, इसके लिए हम सब उनको साधुवाद देते हैं।

अध्यक्ष महोदय, कहने को बहुत बातें हो सकती हैं।

श्री सुदीप बंद्योपाध्याय : जो एम.पीज़ द्वारा सिगनेचर करके सैलेरी सर्टिफिकेट देने वाला मामला था, पास के लिए?

श्री नीतीश कुमार : कुछ विजिलेन्स की कंप्लेन्ट्स आई थीं, जिसमें पूरे सिस्टम के मिसयूज़ की कहानी थी। उसके बारे में ज्यादा चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है। उसी के बाद फैसला लिया गया कि किसी की भी इनकम को सर्टिफाइ करने का जो मसला है, उसमें सांसदों और विधायकों को कोई जानकारी नहीं है, जिससे हम किसी की इनकम को सर्टिफाइ करें। उसका अपना प्रोसीजर है। वह रेवेन्यू मैटर है जिसे रेवेन्यू ऑफिसर्स करते हैं। रेवेन्यू ऑफिसर से वह सर्टिफिकेट लें और उसके बाद एम.पी. रेकमंड करे, इसमें एम.पी. की भी सुरक्षा है।

SHRI S.S. PALANIMANICKAM : Then you can cancel the right of an MP to issue this certificate and give it to the Revenue Officers.

SHRI NITISH KUMAR: Why Revenue Officers? It cannot be left to the Revenue Officers. रेवेन्यू ऑफिसर तो सर्टिफाइ करेंगे कि

पर्टिकुलर लिमिट में इनकी इनकम है या नहीं। You cannot club two things. To certify somebody's income is not our job. Under the law and the rules, this job has been assigned to somebody in the Government system. Let him do that work. â€¦ (व्यवधान) आप जो भी कहेंगे, उसमें कोई दिक्कत नहीं है। दूसरी बात कि ऐसा अगर हो जाए तो क्या एम.पी. पर अनड्यू प्रैशर नहीं होगा। एम.पी. के पास आकर कोई कुछ कहे तो एम.पी. के लिए मना करना भी मुश्किल होता है। कोई गरीबी रेखा से नीचे है या नहीं, यह कहना एम.पी. के लिए मुश्किल है। इसलिए उनके पास यह सर्टिफिकेट है तो वह रेकमंड करेंगे और अपनी कांस्टीट्यूएंसी के लोगों का काम करेंगे, he will get that thing done. लेकिन इसके अलावा आप इसमें कोई और सुधार बताना चाहते हैं तो हम देखेंगे क्योंकि उसमें कई प्रकार की कंप्लेन्ट्स आई थीं और उसके आधार पर एक कंसिडर्ड व्यू लिया गया। लेकिन इसमें माननीय सदस्यों के मन में और कोई सुझाव हो तो बताएं।

SHRI BASU DEB ACHARIA : What we do is that we insist income certificate from Gram Panchayats. When people come to us with that certificate, then only we issue our certificate.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : A basic question has been raised whether MPs are entitled to issue monthly income certificate or not. It is not a question of Railways only. In Railways, certificates issued by MPs may not be accepted, but in other places it may be accepted. But the basic question is, if it is decided that the MPs cannot issue monthly income certificate, I will accept it.

But somewhere it will be accepted and somewhere, it will not be accepted. This cannot be the procedure. From the Chair, guidance has to be given as to whether Members of Parliament have the authority to issue monthly income certificate or not. The Railway Minister is telling that it is not proper for the Members of Parliament to issue monthly certificate. I want to know whether it is permissible or not.

SHRI NITISH KUMAR: Subject to correction, it can be verified from the Government sources.

SHRI C.K. JAFFER SHARIEF: I do not think that it is a healthy practice. Let the Revenue Officer or the Government agency do it. Why should the MPs take the headache? I do not advise that the MPs should certify in this regard.

SHRI NITISH KUMAR: That is why, we have introduced some modification in the scheme. Subject to correction, I think, we are not entitled to issue it. Anyway, I would doubly check it up as to whether there is any provision in the revenue code on whether we can issue the income certificate or not. जहां तक हमारी जानकारी है, ऐसा है। उसके आधार पर जो हमारे पास आया, वह हमने किया। उसमें डैज़ीगनेटेड रिवैन्यू ऑफिसर कहा गया। अगर रिवैन्यू पावर्स ग्राम पंचायत को भी है तो ग्राम पंचायत भी है। I do not know who are notified by different State Governmentsâ€¦...(*Interruptions*)

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : गरीबी रेखा के प्रमाण पत्र के आधार पर देते हैं।â€¦ (व्यवधान)

श्री नीतीश कुमार : इसमें गरीबी रेखा की सूची भी तैयार होती है, इस स्कीम में और मौडीफिकेशन्स लाने हों तो उनके बारे में भी सोचा जा सकता है।â€¦ (व्यवधान)

SHRI S.S. PALANIMANICKAM : We may certify that he is a vegetable vendor and working in a home and so onâ€¦...(*Interruptions*)

SHRI NITISH KUMAR: I do not think it is so. Ultimately, you have to certify their income directly or indirectly. Unnecessarily, we are not supposed to issue income certificates. May be − I do not say 'will be' − sometimes, somebody from ourselves may find himself in trouble. We should keep that thing in mind.

श्री बसुदेव आचार्य : ग्राम पंचायत के पास लिस्ट रहती है। वे ईशू कर सकते हैं।â€¦ (व्यवधान)

SHRI NISITH KUMAR: I am open to suggestionsâ€¦...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए। आप क्या कर रहे हैं?â€¦ (व्यवधान)
MR. SPEAKER: Nothing should go on record except the Minister's reply.*(Interruptions)**

* Not Recorded

SHRI NITISH KUMAR: I am open to suggestions. इसलिए उसके बारे में जो भी सुझाव होगा क्योंकि कुछ शिकायतों के आधार पर जो लगा, उसमें मौडीफिकेशन किया गया। That is not the final thing. We can modify it further based on the valuable suggestions from the hon. Members. इसलिए इसके बारे में मेरी समझ से जो भी बाकी चीजें बची होंगी, उनके बारे में हम कोशिश करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : मैंने रेलवे स्पोर्ट्स के बारे में कहा था।

श्री नीतीश कुमार : इसके बारे में हम व्यक्तिगत रूप से पूरी समीक्षा करेंगे क्योंकि पहले ही हम लोगों ने एक निर्णय लिया था, रेलवे स्पोर्ट्स का बहुत बड़ा नाम है और भारत से स्पोर्ट्स में सबसे ऊंचा स्थान अगर हम कहें तो यह कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। स्पोर्ट्स के हर क्षेत्र में, जिन-जिन में रेलवे पार्टीसिपेट करती है, रेलवे मैन का योगदान है। इसे ध्यान में रखते हुए ही पहले जब यह रेलवे स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड कहलाता था, उसे हमने बदल कर रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड किया था। इसके बाद उसमें हमने तय किया था कि नैशनल और इंटरनैशनल में जो गोल्ड मैडलिस्ट हैं, उनको रेलवे की तरफ से जॉब ऑफर की जाए और बाकी लोगों के लिए एक मैरिट टैस्ट होगा, उसके आधार पर सलैक्शन होगा। लेकिन इस पूरे प्रोसैस में अगर कहीं कोई त्रुटि आ रही है तो हम आपके इस सुझाव को स्वीकार करते हैं कि माननीय सदस्यों में जो स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रखने वाले लोग हैं।â€¦ (व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : स्पोर्ट्स फैडरेशन को बुलाइए।

श्री नीतीश कुमार : स्पोर्ट्स फैडरेशन को तो आप बुला लेंगे लेकिन माननीय सदस्यों में से जो दिलचस्पी रखने वाले हैं, वे लोग एक साथ बैठ कर कोई बात सजैस्ट कर दें और यदि उसके बाद कोई बात बचे तो स्पोर्ट्स फैडरेशन, स्पोर्ट्स फैडरेशन में आजकल कौन जा रहा है, बताइए, आजकल स्पोर्ट्स फैडरेशन में आप स्पोर्ट्स पर्सन हैं तब जा रहे हैं। कई लोग हैं जिनका दूर-दूर तक स्पोर्ट्स से मतलब नहीं है, वे लोग आजकल स्पोर्ट्स फैडरेशन के अध्यक्ष बन रहे हैं।फिर किस स्पोर्ट्स फैडरेशन को बुलाया जाये, जिनका खेल से कोई मतलब नहीं रहा है? मैं किसी पर कोई कटाक्ष नहीं कर रहा हूं, लेकिन यहां माननीय सदस्य वाकई स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रखते हैंâ€¦ (व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : आप बिहार के मसले को दुनिया का मसला मत समझिये।

श्री नीतीश कुमार : हमने किसी का नाम नहीं लिया है, मैंने किसी पर कटाक्ष भी नहीं किया है। हम तो कह रहे हैं कि आप लोग ही सुझाव दीजिए और उसको बढ़िया बनाइये। हम इस पर विचार करेंगे कि स्पोर्ट्स परसन का रिक्रूटमेंट रेलवे में और बेहतर ढंग से कैसे हो सके, स्पोर्ट्स परसन के रिक्रूटमेंट को कम करने का कहां सवाल है। वह तो एक बहुत बड़ा काम होता है, जो रेलवे की तरफ से होता है और वे अपने स्पोर्ट्स के अलावा रेलवे का भी काम करते हैं। सब चीजों के बारे में जो स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रखने वाले माननीय सदस्य हैं, उनसे हम इसमें विचार-विमर्श करना चाहेंगे और विचार-विमर्श करके और बेहतर क्या करना है, उसके बारे में हम गौर करेंगे।

जिन माननीय सदस्यों के सवाल छूट गये हैं, जिनके अलग-अलग प्रोजैक्ट्स, अलग-अलग समस्याओं के बारे में सवाल हैं, उनको हम लिखित उत्तर भेजेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ हम सदन से दरख्वास्त करेंगे कि इन मांगों को मंजूर किया जाये।

MR. SPEAKER: The question is:

> "That the respective Supplementary sums not exceeding the amounts shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India out of the Consolidated Fund of India to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2002, in respect of the head of Demands entered in the second column thereof − Demands Nos. 14 and 16. "

The motion was adopted.

MR. SPEAKER: The question is:

> "That the respective excess sums not exceeding the amounts shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India out of the Consolidated Fund of India to make good the excess on the respective grants during the year ended on the 31st day of March, 1999, in respect of the following demands entered in the second column thereof:-
>
> Demand Nos. 5,6,8, and 13."

The motion was adopted.